## खबर संक्षेप

### विद्युत फेडरेशन ने नवागत कार्यपालन अभियंता का किया स्वागत, सौंपा मांग पत्र



**मैहर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन,मैहर ने नवागत कार्यपालन अभियंता सुनील कुमार गुप्ता का पदभार ग्रहण करने पर पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर फेडरेशन के सदस्यों ने श्री गुप्ता को आउटसोर्स कर्मियों,संविदा,नियमित और पेंशनर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा। इस स्वागत समारोह में विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के अध्यक्ष आशीष मिश्रा,महेश दहायत,भारत लाल पटेल,शाहरुख खान,राजमणि गौतम, संजीव गौतम,कल्पना शुक्ला,और क्षेत्रीय सचिव जीएल चौरसिया सहित कई अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सेवा संकल्प ने 467 जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र



**सतना।** सेवा संकल्प ने जिला अस्पताल परिसर में अपने 123 वें वस्त्र बैंक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के तहत साड़ी,जींस,पैंट-शर्ट,कुर्ते और बच्चों के कपड़ों सहित कुल 467 वस्त्र जरूरतमंद भाइयों,बहनों और बच्चों को वितरित किए गए। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल और वनवासी आश्रम के अध्यक्ष घनश्याम सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेवा संकल्प के अध्यक्ष सुरेश बड़ेरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल 'चांदी' ने सेवा संकल्प के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अविस्मरणीय बताया और कहा कि मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं। श्याम लाल गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सहयोग प्रदान करना और मानवीय मूल्यों को सशक्त करना था।

### शांति समिति की बैठक का आयोजन

**मैहर।** आगामी त्योहारों को लेकर सिटी कोतवाली मैहर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आए जन प्रतिनिधियों से आगामी त्योहारों को शांति वातावरण में मनाने की अपील की गई। वहीं सभी लोगों से सुझाव मांगे गए जिस पर आए सुझाओं पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर मैहर एसडीएम विकास सिंह एवं मैहर टीआई अनिमेष द्विवेदी, मोहर्रम,शांति समिति के सदस्य गणमान्य नागरिक,ताजियादारी करने वाले सदस्य,ताजिया निकाले वाले, अखाड़ा निकलने वाली कमेटियां सभी मस्जिदों के सदर सेकेट्री एवं गणमान्य नागररिक उपस्थित रहे।

## मॉनसून की जोरदार दस्तक, अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की संभावना



**सतना।** जिले में इस वक्त फिर मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है और पिछले 24 घंटों से रुक-रुक कर भारी बारिश का सिलसिला जारी है। जिले के अधिकांश हिस्सों में अच्छी खासी बारिश दर्ज की गई है,जिससे किसानों और आम जनता को भीषण गर्मी से राहत मिली है। हालांकि,लगातार हो रही बारिश से निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी बन गई है। यह महत्वपूर्ण बात यह है कि शुक्रवार को दिन में तेज धूप ने एकदम से उम्र से बढ़ा दी थी लेकिन शाम के बदले और ठंडी हवाओं ने राहत भी पहुंचा दी। मौसम विभाग के अनुसार,बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण सतना और आसपास के क्षेत्रों में मॉनसून की गतिविधियां तेज हुई हैं। वर्तमान में,सतना में तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है,जबकि आर्द्रता का स्तर 90 फीसदी से अधिक है,जो भारी बारिश के लिए अनुकूल परिस्थितियां दर्शा रहा है। हवाएं दक्षिण-पश्चिमी दिशा से चल रही हैं,जिनकी गति लगभग 10-15 किलोमीटर प्रति घंटा है।

### अगले 48 घंटों का पूर्वानुमान

मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए सतना जिले में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है,जिसका अर्थ है कि कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। कुछेक स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश (200 मिमी से अधिक) भी दर्ज की जा सकती है। गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की घटनाएं भी संभव हैं,इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### किसानों के लिए सलाह

इस समय की बारिश धान और अन्य खरीफ फसलों के लिए अत्यधिक लाभदायक है। हालांकि, लगातार बारिश से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है,जिससे फसलों को नुकसान भी हो सकता है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपने खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें। साथ ही,अभी किसी भी तरह की बुवाई या छिड़काव से बचें,जब तक कि मौसम में सुधार न हो।

### आम जनता के लिए चेतावनी

निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक होने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है। नदी-नालों के पास जाने से बचें,क्योंकि जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो सकती है। बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। गैर-जरूरी यात्रा से बचें और यदि यात्रा आवश्यक हो तो यातायात अपडेट के लिए स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें।भारी बारिश के कारण सड़कों पर फिसलन और दृश्यता कम हो सकती है, इसलिए वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। स्थानीय प्रशासन ने आपदा प्रबंधन टीमों को अलर्ट पर रखा है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।लोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्त्रोतों से मिली जानकारी पर ही विश्वास करें।

## प्रेमिका की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने जान दी, महिला गिरफ्तार



**सतना।** पुलिस ने एक युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में उसकी महिला मित्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल व नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी. सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन पुलिस ने यह कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक दुष्यंत सिंह 35 वर्ष निवासी मास्टर प्लान, सिविल लाइन ने अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतक के परिजनों के बयान और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट से पता चला कि दुष्यंत के अपनी महिला मित्र वैशाली मिश्रा 27 वर्ष से करीब एक साल से घनिष्ठ संबंध थे। वैशाली दुष्यंत पर लगातार दबाव बना रही थी कि वह अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़कर उसी के साथ रहे,जबकि दुष्यंत अपने परिवार के साथ रहना चाहता था। वैशाली द्वारा संबंधों को सार्वजनिक करने की धमकी देकर लगातार प्रताड़ित किए जाने से तंग आकर दुष्यंत ने आत्महत्या कर ली। आरोपी वैशाली मिश्रा के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में धारा 108भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस कार्य में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा,उपनिरीक्षक अम्बिका प्रसाद द्विवेदी,उप निरीक्षक अजीत सिंह ( सायबर सेल सतना), सउनि अमर सिंह,विवेक दुबे,महिला प्रियंका पटेल और अंकिता सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जान पर खेलकर बदमाश पकड़ने वाले तीन पुलिस कर्मी सम्मानित





**सतना।** सिटी कोतवाली के सहायक उपनिरीक्षक हेमराज,प्रधान आरक्षक राहुल सिंह,और आरक्षक अजीत सिंह को पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने उनकी बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया है। इन तीनों पुलिसकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर महदेवा में ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे कुख्यात बदमाश शिवम साहू और उसके भाई को कट्टे समेत गिरफ्तार किया था। यह घटना महदेवा क्षेत्र में हुई,जहाँ शिवम साहू और उसका भाई खुलेआम कट्टे से फायरिंग कर रहे थे, जिससे इलाके में दहशत का माहौल था। सूचना मिलते ही हेमराज,राहुल सिंह और अजीत सिंह ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। बदमाशों के पास हथियार होने के बावजूद,इन पुलिसकर्मियों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए उन्हें काबू किया और गिरफ्तार कर लिया। उनकी इस कार्रवाई से न केवल क्षेत्र में शांति बहाल हुई,बल्कि एक बड़े अपराध को भी रोका जा सका।पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने तीनों पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके इस साहसिक कार्य से पुलिस बल का गौरव बढ़ा है और यह अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सम्मान समारोह में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे,जिन्होंने इन जांबाज जवानों की बहादुरी की प्रशंसा की।

## प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है: चतुर्वेदी



### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सभागार में कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मैहर।** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना मध्यप्रदेश अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में आज मैहर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सभागार में कार्यक्रम के मुख्यातिथि मैहर जिले के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं जिला कलेक्टर रानी बाटड,भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, एसडीएम विकास सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष शीतल ताम्रकार, नितिन ताम्रकार, संतोष पांडेय,प्रकाश तिवारी,संचालन कर्ता संजय गुप्ता, मनोज पांडेय, प्राचार्य सुखराम टीकरा,एकलव्य स्कूल प्राचार्य गंगा सिंह, रामायण द्विवेदी, शिक्षक समुदाय, अभिभावक, छात्र छात्राओं की गरिमारूपेण उपस्थिति में दीप प्रज्वलन, पूजन अर्चन, स्वागत अभिनंदन के साथ लाईव संबोधन मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मैहर जिले के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि वास्तव में प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। आज पूरे मध्यप्रदेश में बालिकाओं का 60 एवं बालकों का 40 प्रतिशत प्रतिभाशाली योजना में प्रदर्शन रहा है जो अत्यंत ही प्रसन्नता का विषय है कि शासकीय स्कूलों का लाभार्थ प्रतिशत 52 एवं अशासकीय स्कूलों का प्रतिशत 48 है। इस संदर्भ में भाजपा जिलाध्यक्ष जिला मैहर कमलेश सुहाने ने गुरु शिष्य के संदर्भ में आज की शिक्षा पद्धति और प्राचीनतम शिक्षा पद्धति का आंकलन उपस्थित सभागार में छात्र छात्राओं को अवगत कराया।

## ऑटो चालकों और राहगीरों को परेशान करने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**मैहर।** कोतवाली पुलिस ने ऑटो चालकों और राहगीरों को लगातार परेशान करने वाले आदतन अपराधी राज चौधरी उर्फ मंडली पिता प्रेम चौधरी,निवासी चंडी मोहल्ला कटरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी आए दिन शराब पीने के लिए जबरन पैसे की मांग करता था। पैसे देने से मना करने पर वह अपमानजनक गालियां देता,मारपीट करता और जान से मारने की धमकी भी देता था।

शिकायत के आधार पर मैहर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 296, 119(1) ,351(3) BNS के तहत मामला दर्ज किया।आज घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाना मैहर में पूर्व में भी मारपीट,अड़ीबाजी और चोरी के दर्जनों अपराध पंजीबद्ध हैं,जिनके विरुद्ध समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है।

## एकेएस प्रबंधन अध्ययन संकाय, फैकल्टी की पुस्तक वर्ल्ड ऑफ डिजिटल मार्केटिंग प्रकाशित

### डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि



**सतना।** एकेएस प्रबंधन अध्ययन संकाय,फैकल्टीज ने वर्ल्ड ऑफ डिजिटल मार्केटिंग नामक पुस्तक लिखी है। यह पुस्तक विश्वविद्यालय के विद्वान शिक्षकों द्वारा विश्लेषण और शोध के आधार पर तैयार की गई है,इसका प्रकाशन जेप रिसर्च द्वारा आईएसएसएन 798-81-978741-7-8 के अंतर्गत किया गया है। मैनेजमेंट फैकेल्टी डॉ.चंदन सिंह ने बताया कि डिजिटल युग में उभरती तकनीकों और विपणन रणनीतियों को समझने के लिए पुस्तक में कुल 12 अध्याय हैं,जिनमें डिजिटल मार्केटिंग की मूल अव धारणाओं से लेकर आधुनिक टूल्स और रणनीतियाँ सम्मिलित हैं। डॉ.कौशिक मुखर्जी द्वारा लिखित पहले अध्याय में डिजिटल मार्केटिंग का परिचय दिया गया है,जिसके बाद डॉ.चंदन सिंह,डॉ.प्रदीप चौरसिया,डॉ.सीमा द्विवेदी और अन्य अध्यापकों द्वारा मार्केटिंग मिक्स रणनीतियाँ, ऑटोमेशन,कंटेंट एवं मोबाइल मार्केटिंग,ईमेल और एफिलिएट मार्केटिंग जैसे विषयों पर चर्चा की गई है। विशेष रूप से एआई इन डिजिटल मार्केटिंग,अंकित गर्ग और वेब एनालिटिक्स, प्रांजल अग्रवाल जैसे अध्याय पुस्तक को तकनीकी दृष्टि से और भी पठनीय बनाते हैं। यह पुस्तक प्रबंधन शिक्षा को व्यावहारिक और सम कालीन संदर्भों से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। यह न केवल विश्व विद्यालय के छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी,बल्कि डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के लिए भी एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने लेखकों को बधाई दी है।

### 3 से 9 जुलाई तक महापुराण,10 को पूर्णाहुति एवं भण्डारा

## श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन



मैहर। श्री राधारानी श्री हरि की अनुकम्पा से पूर्वजों की स्मृति में स्थानीय सरना पैलेस पेट्रोल पंप के सामने मैहर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन 3 जुलाई से 9 जुलाई तक किया गया है वहीं 10 जुलाई को पूर्णाहुति एवं भण्डारे का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी प्रणव अग्रवाल ने देते हुए बताया है कि इस महापुराण के कथा व्यास पीठाधीश्वर डॉ.राजेन्द्र दास जी महाराज के कृपापात्र शिष्य बृजकिंकर बृजवासी श्रीधाम वृन्दावन है। आज 4 जुलाई को भीष्म स्तुति, परीक्षित जन्म की कथा सुनाई गई। 5 जुलाई को ध्रव चरित्र एवं कपिल अवतार,6 जुलाई को प्रहलाद चरित्र एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्वस होगा। इसी प्रकार 7 जुलाई को बाललीला,गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग होगा, 8 जुलाई को श्रीकृष्ण रुकमणि विवाह के बाद 9 फरवरी को सुदाम चरित्र एवं परिक्षीत मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। 10 जुलाई को पूर्णाहुति एवं भण्डारा किया जाएगा। भागवत कथा का समय मूल पाठ प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक,भागवत कथा दोपहर 3से हरि इच्छा तक। मुख्य श्रोता श्रीमती विद्यामणि हरवेन्द्र अग्रवाल सहित श्रीमती किरण अग्रवाल, श्रीमती पूनम अग्रवाल, श्रीमती श्यामलता सुरेश अग्रवाल,श्रीमती मीरा बाबूलाल अग्रवाल, श्रीमती दिशा मयंक अग्रवाल, श्रीमती शिवानी शशांक अग्रवाल, श्रीमती मीता रविन्द्र अग्रवाल, श्रीमती अल्का अग्रवाल, श्रीमती ऊषा खंडेलवाल, प्रदीप अग्रवाल, श्रीमती आभा गिरीराज अग्रवाल, दिनेश नैनीवाल एवं श्रीमती याचना प्रणव अग्रवाल, श्रीमती पलक भविष्य अग्रवाल, श्रीमती मुस्कान सिद्धार्थ अग्रवाल, श्रीमती भारती दिनेश अग्रवाल ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना की दुकानों के चूने से हो रही परेशानी



**अमदरा।** दो वर्ष पूर्व बनवाई गई थी मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के तहत दुकानों की हालत बद बदतर हो गई है। थोड़ी सी बरसात में ही छत चूने लगी है जिसके चलते दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। बताया जा रहा है कि मामला ग्राम पंचायत पाला का है जहां पूर्व सरपंच ने मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के तहत पांच दुकानों का निर्माण ठेकेदार अभिषेक बरसिया से करवाया गया था। उस ठेकेदार ने इतनी गुणवत्ता भरा काम किया कि मुख्यमंत्री जी की हाट बाजार की दुकानों का पलीता लग गया। यह दुकाने जिन्हें मासिक किराए से दी गई है उन सभी दुकानदारों का आरोप है कि दुकानों के निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। दुकानों में छत,छज्जे,दीवाल से पानी इतना आता है कि दुकान के अंदर सामान रखना मुश्किल हो गया है। परेशान दुकानदारों ने दुकानों में हुए भ्रष्टाचार की मांग की जनपद सीओ से मांग की जा रही है। इन दुकानों को शीघ्र ही मेंटीनेंस कराया जाए अन्यथा दुकानदार अनशन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### नवागत संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने किया पदभार ग्रहण



पन्ना। राज्य शासन द्वारा सागर संभाग के लिए नवनियुक्त संभागायुक्त अनिल सुचारी ने संभाग आयुक्त कार्यालय सागर में आज अपना पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2006 बैच के अधिकारी श्री सुचारी इसके पूर्व कलेक्टर विदिशा, एमडी पाठ्य पुस्तक निगम, सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल, अतिरिक्त सचिव गृह विभाग एवं परिवहन विभाग, कमिश्नर रीवा संभाग, कमिश्नर शहडोल संभाग, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के महत्वपूर्ण पदों में रहकर दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

### पवई नगर के 72 मेधावी छात्र छात्राओं को मिली लैपटॉप राशि



**पवई।** बीते महीनों माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के वार्षिक परीक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे, जिसमें कक्षा 12 वीं में प्रदेश भर के विभिन्न संकायों में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं को शुक्रवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा भोपाल के कुशा भाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भर के 94234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए । इसी तरह पवई के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता जमुना प्रसाद खटीक,विशिष्ट अतिथि मंडल उपाध्यक्ष अजित बड़ोलिया एवं वार्ड क्रमांक 7 पार्षद देवी खटीक रही। इस अवसर पर पवई नगर के शासकीय कन्या विद्यालय के 25 छात्राओं,शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 30 छात्र छात्राओं एवं सी एम राइस विद्यालय के 17 विद्यार्थियों के खाते में सीधे वन क्लिक के माध्यम से 25 हजार की राशि हस्तांतरित की गई, उन्हें भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया ।

### शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, देवेन्द्र नगर में दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न

**देवेन्द्रनगर।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर पन्ना में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 का शुभारंभ प्रवेशोत्सव के रूप में 1 जुलाई से 3जुलाई तक भव्य आयोजन के साथ किया गया। यह कार्यक्रम म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने की। उन्होंने संस्कृत भाषा की समृद्ध परंपरा, शिक्षा के शाश्वत मूल्यों और आधुनिक संदर्भों में संस्कृत अध्ययन की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नैतिकता को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। जनभागीदारी समिति की गरिमामयी उपस्थिति में अध्यक्ष पवन शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में संस्कृत के प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समिति द्वारा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। शकार्यक्रम में समिति के सदस्यगण राजू पांडे, प्रदीप तिवारी, ओम शर्मा आदि ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

## 90 लाख की पुलिया बनी जन चर्चा का विषय, कार्यवाही की मांग

# आर.ई.एस. विभाग में बह रही भ्रष्टाचार की धारा

**जनप्रतिनिधि अधिकारी बने धृतराष्ट्र**

**अमानगंज।** जनपद गुनौर अंतर्गत ग्राम पंचायत जिजगांव के ग्राम मडिया राव के लिए आवा गवन की सुविधा को देखते हुए जिला के आर ई एस विभाग से कड़वानी नाला पर एक पुलिया का निर्माण कार्य पिछले वर्ष ठेकेदार के द्वारा कराया गया था परंतु 1 वर्ष में ही पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई जिसकी डेंटिंग पेंटिंग अधिकारियों द्वारा कराई जा रही है परंतु सवाल उठता है।



कार्य की गुणवत्ता पर यह घटिया निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा था तब जवाब देह अधिकारी धृतराष्ट्र की मुद्रा में क्यों बन रहे आजादी से आज तक इस ग्राम की जनता ने आबा गवन के लिए पुलिया निर्माण कर देखा था परंतु ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के भारी भरकम भ्रष्टाचारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जुगलबंदियों से ग्रामीणों की आशाएं धरी की धरी रह गई।

पुलिया निर्माण कर में स्टीमेट सहित जमकर मनमानी देखने में आई पुलिया की ऊंचाई बहुत कम है जिससे बरसात में पुलिया नाले के पानी में डूब जाएगी और अबा गवन अवरोध हो जाएगा सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि पुलिया निर्माण के लिए विभाग से भारी भरकम राशि स्वीकृत की गई थी परंतु भ्रष्टाचारियों की मिली भगत से राशि का बंदर वाट करके घटिया निर्माण कार्य कराया गया जिससे यह नौबत आई चोर चोर मौसेरे भाई



की कहावत यहां पर चरितार्थ करते हुए भ्रष्टाचार को अंजाम तक पहुंचाया गया है पन्ना जिले का ग्रामीण यांत्रिकी विभाग बरसों से भ्रष्टाचार में चर्चा में रहा है जहां एक ठेकेदार के नाम पर बोली होती है और बाद में कमीशन रेट पर नेताओं के सगे संबंधी पेटी ठेकेदार बनकर खूब भ्रष्टाचार को अंजाम देते हैं आर ई एस विभाग में पदस्थ रहे ई साहब क्या करते रहे इन्होंने अपनी जवाब देही नहीं समझी और ठेकेदार घटिया निर्माण कार्य करते रहे इनके कार्यकाल में जितने कार्य ग्रामीण यंत्र किए विभाग द्वारा कराए गए हैं उनकी जांच जरूर होनी चाहिए।

हमारे मैदानी संवाददाता से ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने जिला कलेक्टर से समाचार पत्र के माध्यम से कड़वानी नाला पर बनी 90 लाख की पुलिया की जांच कराकर संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**पन्ना।** प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। इसी क्रम में पन्ना के पीएम श्री शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री संतोष सिंह यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष पन्ना,विशिष्ट प्रभारी प्राचार्य श्री चतुर्वेदी जी तथा सुश्री अनीता जाटव जी जिला समन्वयक परिषद पन्ना के द्वारा मां सरस्वती की के छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया । तदोपरांत ऑनलाइन माध्यम से परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर जी के उद्बोधन के माध्यम से परिषद की रूपरेखा तथा परिषद के कार्यों से अवगत कराया गया। लघु फ़ल्मि के माध्यम से परिषद् के कार्यो को बताया गया और अतिथियों का स्वागत अशोक के पौधे भेंट कर नई परंपरा की शुरुआत की गई। जिला समन्वयक द्वारा परिषद् के नेटवर्क की जानकारी दी गई साथ ही अतिथि उद्धवोदन में परिषद् के कार्यो की सराहना की बावड़ी पुरानी धरोहर को संरक्षित करने के लिए जो प्रयास किये गए हैं वह सराहनीय है तथा इस कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है परिषद् द्वारा इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया ।कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति परिषद से जुड़ी संस्थाओं को संवेदनशीलता दिखाने के



निर्देश दिए गए। साथ ही परिषद से जुड़ी प्रत्येक विकासखंड की विश्वशनीय नवांकुर संस्था जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं उन्हें तथा मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से जुड़े प्रत्येक विकासखंड से जुड़े उत्कृष्ट कार्य से जुड़े परामर्शदाताओं को एवं प्रत्येक विकासखंड से पाठ्यक्रम से जुड़े विधार्थी जिन्होंने संपर्क कक्षाओं में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की है उन्हें प्रोत्साहित करते हुए प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।मंच संचालन विकास खंड समन्वयक जगदीश सिंह गुनौर द्वारा किया गया सभी विकास खंड समन्वयक समस्त नवांकुर संस्था के पदाधिकारि ,मेंटर्स ,बउबसकच छात्र छात्रायें स्वैच्छिक संगठन के सदस्य एवं अन्य उपस्थित रहे।

## गुनौर में पहली बारिश को ही नहीं झेल पायी? सकरिया डिघौरा राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क!

**पन्ना।** मध्य प्रदेश में सड़कों का चला जिस तरह से बिछाया गया है उसमें विकास की संभावनाओं को बंल दिए जाने का मैसेज रोजाना तो अ का वाम पढती ही होगी ? मगर जिस तरह से विकास गुनौर में चक्रीय से देवरा राष्ट्रीय राजमार्ग की निर्माण के समय हो रहा है उससे लगता है कि...?



क्षेत्र का विकास हो या ना हो, सड़क निर्माण एजेंसी ठेकेदार और उसके यमदूत जो सड़क का निर्माण कार्य कर रहे हैं किसी न किसी रोज सक्रिय से गुनौर की ओर आने वाली बस या अन्य वाहनों को यमराज के दर्शन कर ही देंगे यह बात कोई विनोद बस नहीं लिखी गई है बल्कि यथार्थ कोदर्शित करने के लिए नगर परिषद गानों की वार्ड नंबर 4 में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन का जो काम हुआ है वह बेहद घटिया और बेहयात किस्म का हुआ है। जिससे जनता खासी नाराज है।

हुआ यह कि जो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया गया है उसमें सीमेंट कम 70 प्रतिशत डस्त का काम कराया गया है, खुलेआम दस्त और घटिया रेट निर्माण सामग्री का उपयोग करके लगभग 27 करोड़ की लागत से निर्मित सड़क निर्माण कार्य में बिहार लापरवाही एवं घटिया तकनीक से सड़क निर्माण किया गया है, जिसमें पहली बारिश नहीं सड़क की मिट्टी को बहाकर सड़क को खोखला कर दिया है अब सड़क हवा में यातायात को सलाम बनाने की शक्ति को खो चुकी है ऐसी सड़क के पास इतनी शक्ति नहीं बची है कि वह किसी वाहन के बजन को सहन कर सके, निर्माण के समय ही रहिवासियों ने ठेकेदार एवं उसकी इंजीनियरों को पहले ही बताया था की सड़क में डस्त का उपयोग आप लोग मत करिए, मगर दबंग ठेकेदारों की घटिया कार्य प्रणाली के चलते खुलेआम टेस्ट से सड़क का निर्माण कार्य कराया गया और तू और रह वासियों के घर की तरफ इस राष्ट्रीय राजमार्ग को 6 इंच तिरछा कर दिया गया है जिससे चलने वाली सभी वहां तिरछे झुककर चलते हैं, और इस पुलिया से पानी का भाव इतना रहा कि इसकी मिट्टी को ही बाहा ले गई, कई जगह सड़क निर्माण एजेंसी ने जो नाली बगल में बननी चाहिए थी उसको ही कागज में बना दिया पूर्व में बनी हुई नाली जो निजी मकान मालिकों ने खुद के पैसे से बनवाई थी उसको ही निर्माण कार्य में लागत राज्य में शामिल करके खर्च बता दिया यहां जांच करने वाला खुद इतना भ्रष्ट है कि उसे यह नहीं दिखाई देता है कि किसी रोज कोई बड़ी अपनी वारदात घटित हो जाएगी। और तू और लोग इसलिए नाराज हैं की सड़क किनारे जो कितना टाइल लगाए जाने थे वह भी नहीं लगाए गए हैं सड़क किनारे जो पट्टी की चैड़ाई होनी चाहिए थी वह मन मुताबिक कहीं दो फिर तो कहीं तीन फीट घटिया कृष्ण की डस्त और गिट्टी डालकर कार्य पूरा कर रहे हैं लोग कहते हैं कि एक तरफ आप लोगों ने टाईल को लगाया है और दूसरी जगह डस्ट से पटरी बन रहे हैं तू वह कहते हैं कि जिससे कहना हो काहे आओ ऐसी जाहिर होता है कि पीडब्ल्यूडी विभाग एवं ठेकेदार की जुगलबंदी नीति के चलते देश के ईमानदार मंत्री नितिन गडकरी की विकासवादी सोच पर भ्रष्टाचार के कीड़े लग रहे हैं..? पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और ठेकेदार के कर्मचारी।

# जरूरतमंद बच्चों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो




### मिशन वात्सल्य योजना को प्रभावी बनाने हुई कार्यशाला

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि बेसहारा एवं जरूरतमंद बच्चों के कल्याण के लिए संचालित सभी योजनाओं का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। शासकीय विभागों द्वारा भी परस्पर समन्वय के साथ निर्धारित कार्ययोजना मुताबिक प्रयास कर इन बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं रोजगार की दिशा में उन्मुख करने के लिए सहभागी बनें। भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम में संलग्न बच्चों का चिन्हांकन कर इन परिवारों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करना भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्यतः सात योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से कार्ययोजना के तहत विभागीय तौर पर सभी अपेक्षित प्रयास किए जाएं। जिला कलेक्टर द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में मिशन वात्सल्य योजना के तहत गठित समिति सदस्यों के जिला स्तरीय कार्यशाला सह समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों को संवेदनशील मामलों में अधिनियम के प्रावधानों के तहत व्यक्तिगत सुनवाई कर एवं न्यायिक विवेक का उपयोग कर निर्णय लेने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, श्रम निरीक्षक वेदमणि दाहिया, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अभिलाष साहू भी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने बैठक में पन्ना जिला अंतर्गत मिशन वात्सल्य योजना के सफल संचालन के संबंध में उपस्थितजनों से सुझाव भी प्राप्त किए। बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इस दौरान भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। साथ ही दूरदराज एवं संवेदनशील क्षेत्रों में श्रम, पुलिस व महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों का चिन्हांकन कर विभिन्न योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान करने के संबंध में चर्चा हुई। इसके अलावा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को आईटीआई के रोजगारमूलक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण में प्रवेश, बालिकाओं को गुड एवं बैड टच तथा बच्चों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में अवगत कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन सहित बच्चों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए समिति द्वारा की जाने वाली कार्यवाही तथा विभिन्न स्टेकहोल्डर से वांछित सहयोग के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। पुलिस अधीक्षक ने विभागीय स्तर पर गुमशुदा बच्चों की खोजबीन की कार्रवाई तथा घर से भटके बच्चों की पतासाजी कर संस्थागत लाभ के बारे में अवगत कराया तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी से पुलिसकर्मियों के लिए भी वर्कशॉप आयोजित करवाने की बात कही। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बाल कल्याण समिति के प्रकरणों, किशोर न्याय बोर्ड की भूमिका, शिशु एवं बाल गृह संचालन, गैर संस्थागत सेवाओं, स्पॉसरशिप योजनाओं, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना सहित पीएम केयर्स योजना एवं कोविड 19 बाल सेवा योजना के प्रकरणों संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही विशेष किशोर पुलिस इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, फोस्टर एवं आफ्टर केयर योजना तथा अन्य विभागीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों के बारे में अवगत कराया गया। इसके अलावा शिक्षा एवं श्रम विभाग के सहयोग से वर्तमान में संचालित भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान तथा बच्चों को स्कूल में प्रवेश के संबंध में भी आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की।

### भारतीय सफाई मजदूर संघ ने मनाया क्षेत्रीय विधायक का जन्मदिन



**अमानगंज।** मजदूर सफाई संघ के द्वारा आज क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश वर्मा का जन्म दिवस मनाया जन्म दिवस जन्म दिवस अरुण वाल्मीक नगर यूनियन अध्यक्ष के यहां मनाया गया इसमें भारतीय सफाई मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे और साथ में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को भी अवगत कराया गया महिला अध्यक्ष बेटी बाई , ओर महिलाएं एवं काशीराम वाल्मीकि तहसील उपाध्यक्ष वीरू वाल्मीकि ,पन्ना जिला कार्यवाहक अध्यक्ष अजय सिगोते भी उपस्थित रहे जिसमें समस्त वाल्मीकि समाज के लोग भी उपस्थित रहे ।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरौंहा और कल्याणपुर के बीच तेज वारिस आंधी तूफान के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिससे एक भैंस की मौत हो गई घटना की सूचना भैंस मालिक दामोदर यादव पिता सरुपा यादव उम्र 30 वर्ष निवासी रामपुर अमानगंज ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और बताया कि रोज की भांति उसकी भैंस रामपुर से बरोहा के बीच हार मे चरने गए हुई थी मौसम ने अचानक परिवर्तन के साथ काफी आंधी तूफान पानी और बिजली की कड़क लपक के साथ बिजली गिरी जिसकी चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई इस घटना से किसान को तकरीबन पचार हजार का नुकसान बताया जा रहा है किसान ने आज घटना की सूचना स्थानीय पुलिस थाना और तहसील कार्यालय को दी है।

### शराब पीकर मां बेटी के साथ हुई मारपीट अमानगंज थाना में मामला दर्ज



**अमानगंज।** फरियादी अनीता पति विनय चनपुरिया उम्र 42 वर्ष निवासी महेबा ने शुक्रवार की शाम 7:00 बजे अमानगंज थाना पहुंच कर पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उसका देवर पलटू उर्फ अजय आए दिन शराब पीकर विवाद करता है आज फिर घर में आकर पलटू उर्फ अजय चनपुरिया द्वारा विवाद किया गया को रोकने पर उक्त आरोपी द्वारा गाली गलौज करना शुरू कर दिया जब इसका विरोध किया तो आरोपी द्वारा त्रिशूल लेकर हमला किया बीच बचाव में आई 14 बर्षीय बालिका स्नेहा पिता विनय चनपुरिया एवं फरियादी महिला अनीता पति विनय चनपुरिया उम्र 42 वर्ष घायल हो गई घायलों को परिजनों ने अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका उपचार किया गया तदुपरांत अमानगंज पुलिस थाना पहुंचकर आप बीती सुनाई जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### पवई मुस्लिम पर्व मोहर्रम को लेकर थाना परिसर पवई में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक



**पवई।** आगामी मुस्लिम पर्व मोहर्रम को लेकर शुक्रवार को थाना परिसर पवई में एसडीएम समीक्षा जैन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोहर्रम पर्व को शांति,सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाए जाने,ताजिया के चल जुलूस के मार्ग की साफ सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था आदि को लेकर चर्चा हुई। साथ ही सभी के सुझाव लिए गए। इसके अलावा शासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देश भी बताए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी रामहर्ष सोनकर, नगर परिषद सीएमओ विनीत नगायच, गणमान्य नागरिक, शांति समिति के सदस्य सहित पत्रकार गण मौजूद



## खबर संक्षेप



### आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत

**बमीठा।** थाना क्षेत्र के झमटुली गांव में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक दुधारू भैंस की मौत हो गई। यह हादसा पशुपालक के लिए बड़ा आर्थिक नुकसान साबित हुआ, क्योंकि भैंस उनकी आजीविका का प्रमुख स्रोत थी। बताया गया है कि झमटुली निवासी महादेव पटेल की दुधारू भैंस सुबह खाले कुआँ हार में चरने गई थी। अचानक जामुन के पेड़ के पास आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। महादेव ने बताया कि उनकी भैंस प्रतिदिन सुबह-शाम 15 लीटर से अधिक दूध देती थी, जो उनके परिवार की आजीविका का मुख्य आधार थी। इस हादसे से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दी गई है और पशुपालक ने मुआवजे की मांग की है।

### ध्वस्त हुई 30 साल पुरानी पानी की टंकी



**बकस्वाहा।** नगर के बस स्टैंड पर स्थित 30 साल पुरानी पानी की टंकी को शुक्रवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच ध्वस्त कर दिया गया। यह टंकी लंबे समय तक नगर के 15 वार्डों के लिए पेयजल का प्रमुख स्रोत रही, लेकिन इसकी जर्जर स्थिति के कारण इसे हटाना जरूरी हो गया था। उल्लेखनीय है कि बकस्वाहा में मुख्यमंत्री नल-जल योजना के तहत दो नई पानी की टंकियों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिसके बाद पुरानी टंकी को हटाने का निर्णय लिया गया। यह टंकी इतनी जर्जर हो चुकी थी कि इससे कभी भी हादसा होने का खतरा बना रहता था। स्थानीय प्रशासन और जल निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में डिस्मेंटलिंग का कार्य किया गया। प्रक्रिया के दौरान आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए, ताकि कोई जनहानि न हो।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सहकारी समिति कार्यालय में हुआ वृक्षारोपण



**राजनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आज राजनगर सहकारी समिति के कार्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर फलदार और छायादार पौधे रोपे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सहकारी समिति के कर्मचारियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सहकारी समिति के कर्मचारियों, स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने नीम, पीपल, आम, अमरूद और अन्य छायादार व फलदार पौधे रोपे। विधायक अरविंद पटैरिया ने स्वयं पौधरोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### जिले के 2842 मेधावी बच्चों को मिली लैपटॉप राशि

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण, उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ आयोजन

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश सरकार की मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत शुक्रवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा जिले के 2842 मेधावी छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि प्रदान की गई। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भोपाल के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने के बाद छात्रों ने उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। यह कार्यक्रम शहर के उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक में आयोजित हुआ, जिसमें जिले के गणमान्य लोग और विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए।




कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार की मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25,000 रुपये की राशि प्रदान की गई है। इस योजना का उद्देश्य मेधावी छात्रों को डिजिटल शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। छतरपुर जिले में इस वर्ष 2842 छात्रों को इस योजना का लाभ मिला, जो उनकी शैक्षणिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. प्रजापति ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक में आयोजित इस कार्यक्रम में भोपाल से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। छात्रों ने इस दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और लैपटॉप राशि प्राप्त होने पर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, प्राचार्य संतोष शर्मा, शिक्षक राजेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। छात्रों ने राशि प्राप्त होने पर खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री और शासन का आभार व्यक्त किया।

## उत्कृष्ट विद्यालय कैंपस में भरा पानी, पोखर से निकल रहे बच्चे, जल भराव से जोखिम में बच्चों का भविष्य



**छतरपुर।** शहर के उत्कृष्ट विद्यालय का नाम भले ही उत्कृष्ट हो, लेकिन वर्तमान में इसकी हालत बदहाल है। जीर्ण-शीर्ण भवन, टपकती छत और कैंपस में भरा पानी छात्रों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है। जलभराव के कारण बच्चों को हादसे का डर सता रहा है और उनका भविष्य खतरे में नजर आ रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विद्यालय में कक्षा 6वीं से 8वीं तक की कक्षाएं अलग कैंपस में संचालित हो रही हैं, जहां 570 छात्र पढ़ते हैं। बारिश के कारण छत से पानी टपकता है और कैंपस में जलभराव हो जाता है, जिससे छात्रों को जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ता है। छात्रों ने बताया कि पानी भरे कैंपस में गिरने का डर बना रहता है। विद्यालय प्रभारी रामप्रकाश बाजपेई ने बताया कि यह विद्यालय 6वीं से 12वीं तक है, और 6वीं से 8वीं के लिए अलग सेक्शन में समस्याएं ज्यादा हैं। वर्ष 2022-23 में शासन से 5 लाख रुपये की राशि मिली थी, जिसके लिए निविदा निकाली गई और काम शुरू हुआ, लेकिन 30 तारीख को बजट लैप्स हो गया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि बच्चों के दाखिले के लिए फोन करते हैं, लेकिन विद्यालय की संरचना सुधारने के लिए कोई अपनी निधि से मदद नहीं करता। यदि जनप्रतिनिधि सहयोग करें, तो स्थिति सुधर सकती है। इस मामले को लेकर कलेक्टर पार्थ जयसवाल ने कहा कि प्रिंसिपल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे और मरम्मत के लिए जरूरी कार्य कराया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. प्रजापति ने आश्वासन दिया कि आज ही जांच करवाकर समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा और मरम्मत के लिए उपलब्ध राशि का उपयोग तत्काल किया जाएगा।

## महाराजश्री के जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब



छतरपुर। करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को धाम में लाखों लोग उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे। महाराजश्री ने आवाहन किया था कि हमें उपहार के बदले एक-एक ईंट कैंसर अस्पताल के लिए प्रदान करें। महाराजश्री के आवाहन पर हजारों लोग सिर पर ईंट रखकर दर्शन करने आए और महाराजश्री को ईंट भेंट की। सुबह से लेकर देर रात तक महाराजश्री को शुभकामनाएं देने का सिलसिला चलता रहा। दिन भर बारिश के होने के बावजूद लोगों का उत्साह नहीं रुका। बुधवार से शुरु हुए महाराजश्री के जन्मोत्सव एवं गुरूपूर्णिमा महोत्सव के तीसरे दिन बागेश्वर महाराज के जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। सुबह 10 बजे महाराज श्री बालकनी में आए और अपार जनसमूह को आर्शीवाद दिया तो समूचा धाम जयकारों से गुंजने लगा। महाराजश्री की दीर्घायु के लिए लोगो ने बालाजी से प्रार्थना की। धाम पर सुंदरकांड पाठ, अखंड रामधुन, हनुमान चालीसा और परिक्रमा का आयोजन हुआ। काशी विश्वनाथ से आए ब्राह्मणों ने पं. धीरेंद्र शास्त्री को तिलक कर शुभकामनाएं दीं, जबकि मथुरा-वृंदावन से आए 51 कथा व्यासों ने सुंदरकांड पाठ कर उत्सव में भक्ति का रंग जोड़ा। महाराज ने मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण और आध्यात्मिक उत्सव मनाने की अपील की थी। उनकी अपील का असर दिखा, और धाम पर भक्ति और संयम का माहौल रहा। रात 12 बजे से सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं का सिलसिला शुरू हो गया, जिसमें भक्तों ने महाराज के धार्मिक और सामाजिक योगदान की सराहना की। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने धाम पर दर्शन देकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया और सुरक्षा व संयम बनाए रखने का आह्वान किया।

### एमसीबीयू हिंदी विभाग में पीएचडी प्री-प्रेजेंटेशन संपन्न

## शोधार्थी ने महारानी सरोज गौरिहार के व्यक्तित्व और कृतित्व पर दी प्रस्तुति



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय (एमसीबीयू) के हिंदी विभाग में सत्र 2022-23 के तहत पीएचडी शोधार्थी प्रो. बी.के. प्रजापति ने महारानी सरोज गौरिहार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर प्री-प्रेजेंटेशन दिया। इस आयोजन में शोध संबंधी चर्चा और सुझावों के साथ शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बहादुर सिंह परमार ने शोधार्थी को सुझाव दिए और शुभकामनाएं दीं। डीन डॉ. ऊषा शुक्ला ने भी शोधार्थी को प्रोत्साहित किया। डॉ. गायत्री बाजपेयी ने शोध से संबंधित प्रश्न पूछे और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रेजेंटेशन में विभागाध्यक्ष डॉ. बहादुर सिंह परमार, गाइड डॉ. के.एल. पटेल, डॉ. गायत्री बाजपेयी, डॉ. ऊषा शुक्ला, प्रो. एन.के. पटेल, डॉ. कल्याण, डॉ. दशरथ प्रसाद अहिरवार सहित सभी शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेखा ने किया। यह आयोजन शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा।

## हवन-पूजन और भंडारे के साथ संपन्न हुआ आयोजन



**ईशानगर।** कस्बे के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल स्टाफ और जन सहयोग से निर्मित मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की गई। प्रधानाचार्य जे.पी. चौरसिया ने बताया कि विद्यालय में नवनिर्मित मंदिर में मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पं. जगतराज रावत कुर्रा द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। स्कूल स्टाफ ने हवन में आहुतियां दीं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मां सरस्वती की प्रतिमा को सुगंधित पुष्पों से सजाए गए फूल बंगले की झांकी से अलंकृत किया गया। छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की, जिसने आयोजन को और भक्ति-भाव से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में महाआरती के बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जे.पी. चौरसिया, के.एल. राय, शिक्षक कमलेश त्रिपाठी, कृष्णकांत त्रिपाठी, महेश गुप्ता, प्रमोद खरे, जगदीश अहिरवार, तेंदूलाल अहिरवार, सीएससी बलवीर सिंह भदोरिया, रिटायर्ड शिक्षक बरार साहब, शिक्षिका रुचि जैन, रामवती त्रिपाठी, संगीता साहू, शोभा चौरसिया, माला गुप्ता, लक्ष्मी घनघोरिया, ज्योति श्रीवास्तव सहित समस्त संकुल स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गौरिहार पुलिस ने हत्या के पांचवें आरोपी को पकड़ा



**छतरपुर।** जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम गहबरा में जुलाई 2024 में हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने पांचवें इनामी आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्या में पीड़ित की गाड़ी रोककर लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई थीं, जिससे उसकी मौत हो गई थी। गौरिहार पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए साक्ष्य, कथन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5000 के इनाम की घोषणा की थी। इस हत्या में शामिल चार अन्य आरोपियों रवि उर्फ रविंद्र अहिरवार, उदयभान उर्फ छोटू शुक्ला, गणेश बाबू शुक्ला और सीताराम शुक्ला को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शुक्रवार को दोपहर में गौरिहार पुलिस ने गहबरा गांव में दबिश देकर पांचवें इनामी आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू अहिरवार पिता सुरेश अहिरवार निवासी ग्राम गहबरा को गिरफ्तार किया। जितेंद्र हत्या और मारपीट जैसे तीन अपराधों में लिप्त है। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जा रहा है।

## साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और बाल संरक्षण पर उपयोगी सुझाव



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शुक्रवार को ब्लू माउंटेन स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भ्रमण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डगर ने बच्चों को पुलिस व्यवस्था, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और बाल संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सुश्री डगर ने बच्चों को शिकायत दर्ज करने, प्राथमिक सूचना रिपोर्ट, आकस्मिक पुलिस सेवा, महिला हेल्पलाइन और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने साइबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्टिंग, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग और मनी फ्रॉड से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी। बच्चों को सोशल मीडिया और मोबाइल के सुरक्षित उपयोग के लिए निजी जानकारी साझा न करने, अजनबियों से बिना पुष्टि मित्रता न करने और इलेक्ट्रॉनिक गेम्स से बचने की हिदायत दी गई। सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। इसके अलावा, बच्चों को बताया गया कि जिले के प्रत्येक थाने में बाल मित्र कक्ष है, जहां शारीरिक, मानसिक या लैंगिक उत्पीडऩ की स्थिति में सहायता उपलब्ध है। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे, जिनका सुश्री डगर ने सरल और प्रेरक तरीके से जवाब दिया। यह आयोजन बच्चों में जागरूकता बढ़ाने और पुलिस के प्रति विश्वास जगाने में प्रभावी रहा।

## मोहर्रम के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



**छतरपुर।** आगामी 6 जुलाई को मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाने पर जोर दिया गया और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर बलबीर रमन, एसडीएम अखिल राठौर, शांति समिति के सदस्य और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे ने सभी नागरिकों से परंपरागत सौहार्द और शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम मनाने की अपील की। उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, ट्रांसफॉर्मर मरम्मत, पेयजल, सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने और सड़क मरम्मत जैसे कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, फायर ब्रिगेड, डॉक्टरों की उपस्थिति वाली एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ताजिया जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाला जाए और विद्युत विभाग ताजिया मार्ग पर लटके बिजली के तारों व केबलों को ऊंचा और कसकर बांधे। जिला होमगार्ड कमांडेंट को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। बैठक में आयोजन समितियों से कार्यक्रम की जानकारी ली गई और शांति समिति के सदस्यों के सुझावों को भी शामिल किया गया।

# एक्सीलेंस स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप योजना के तहत किया सम्मानित



**राजनगर।** राजनगर के एक्सीलेंस स्कूल में मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश सरकार की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक विद्यार्थी को लैपटॉप खरीदने के लिए 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विधायक अरविंद पटैरिया ने कई विद्यार्थियों से बातचीत की और उनकी भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना। विद्यार्थियों ने इस योजना को अपनी पढ़ाई और तकनीकी सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक ने विद्यार्थियों को उनकी मेहनत जारी रखने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर विधायक अरविंद पटैरिया ने कहा आज का दिन राजनगर के लिए गर्व का क्षण है। हमारे एक्सीलेंस स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल कर न केवल अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। मध्य प्रदेश सरकार, माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में, युवाओं के कल्याण और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कटिबद्ध है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना इसका जीवंत उदाहरण है, जिसके तहत हमारे मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25,000 रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। यह राशि न केवल डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देगी, बल्कि हमारे बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी पढ़ाई और भविष्य की संभावनाओं को और सशक्त बनाएगी।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक युवा को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिले। यह योजना, जो 2009-10 से संचालित हो रही है, अब तक लाखों विद्यार्थियों को लाभान्वित कर चुकी है। इस वर्ष पूरे प्रदेश में 94,234 विद्यार्थियों को 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपये की राशि दी जा रही है, जिसमें हमारे राजनगर के विद्यार्थी भी शामिल हैं। मैं अपने क्षेत्र के सभी मेधावी विद्यार्थियों को हृदय से बधाई देता हूं और उनके शिक्षकों व अभिभावकों का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिनके मार्गदर्शन और समर्थन से यह उपलब्धि संभव हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। यह लैपटॉप योजना डिजिटल युग में हमारे बच्चों को सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं सभी विद्यार्थियों से आह्वान करता हूं कि वे इस अवसर का उपयोग अपनी पढ़ाई को और बेहतर बनाने में करें। आप सभी भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या जिस भी क्षेत्र में जाना चाहें, सरकार आपके साथ है। आइए, हम सब मिलकर विकसित भारत और विकसित मध्य प्रदेश के सपने को साकार करें।

## खबर संक्षेप

### गुढ़ में सर्वाधिक 223 मिमी और त्योंथर में सबसे कम 67 मिमी हुई वर्षा

**रीवा**। जिले में एक जून से अब तक 150.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस अवधि में गुढ़ में सर्वाधिक 223 मिलीमीटर और त्योंथर में सबसे कम 67 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि इसी अवधि के दौरान तहसील हुजूर में 170.6 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 113.5 मिलीमीटर, सिरमौर में 206.2 मिलीमीटर, सेमरिया में 171 मिलीमीटर, मनगवां में 146 मिलीमीटर तथा जवा में 107 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 64.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी। जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आए तीन युवक, दो की मौके पर मौत, एक गंभीर



**रीवा**। जिले में मानसून की दस्तक के साथ ही आकाशीय बिजली का कहर शुरू हो गया है। ताजा मामला पनवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मनकाडाढ़ गांव का है, जहां गुरुवार की शाम तेज बारिश और गरज-चमक के दौरान पेड़ के नीचे बैठे तीन युवक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार,गुरुवार को अचानक मौसम बिगड़ने के बाद गांव के रहने वाले तीन युवक रुपेश कुमार कोल उर्फ पंकज (पुत्र फूलचंद कोल), सुजीत कोल (पुत्र भुवन कोल) और जुबेर (पुत्र एजाज अहमद) बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे बैठ गए थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर रुपेश और सुजीत की मौके पर ही मौत हो गई। जुबेर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को डभौरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें जवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। यहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि जुबेर का इलाज जारी है।बॉक्समानसून के साथ बढ़ा खतराजिले में मानसून की शुरुआत के बाद से अब तक आकाशीय बिजली गिरने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। रीवा और मऊगंज जिलों में इस मौसम में अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जबकि दो दर्जन से अधिक मवेशी भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बारिश और गरज-चमक के दौरान खुले में या पेड़ों के नीचे शरण लेना जानलेवा साबित हो सकता है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर, गंभीर घायल




**रीवा**। जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनई के समीप बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मारी जिसके बाद बाइक सवार बाइक सहित ट्रेलर ट्रक में जा घुसा। सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रतहरा निवासी प्रभु दयाल पटेल गुरुवार को सड़क हादसे का शिकार हो गए। बताया गया है कि वह बाइक से जा रहे थे इसी दौरान कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें कार ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह बाइक सहित ट्रेलर ट्रक में जा घुसे। इस सड़क हादसे में प्रभु दयाल का पाव टूट गया है और शरीर में गंभीर चोटे आई है घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# सावन के महीने में बहनों को रक्षाबंधन का 250 रुपए का नेग मिलेगा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने रीवा से वर्चुअल माध्यम से अनूपपुर जिले के 443.31 करोड़ रुपए के 114 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण।



रीवा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि बदलते दौर के मध्यप्रदेश में हम सभी क्षेत्रों में समान रूप से आगे बढ़ रहे हैं। गरीब, युवा, किसान व महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सावन के महीने में लाड़ली बहनों को 250 रुपए का रक्षाबंधन का नेग मिलेगा। दीवाली के बाद लाड़ली बहनों को 1500 रुपए की किश्त प्रतिमाह उनके खाते में पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने रीवा से वर्चुअल माध्यम से कोतमा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर अनूपपुर जिले के 443.31 करोड़ रुपए के 114 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि अनूपपुर जिले में विकास कार्यों से प्रगति के द्वार खुलेंगे। सोन बैराज परियोजना किसानों के लिए बड़ी सौगात होगी। उन्होंने कहा कि अमरकंटक नर्मदा जी के साथ सोन एवं जुहिला नदी का उद्गम स्थल है। राम, सीता व लक्ष्मण जी के वनवास काल में यात्रा का रामपथ गमन विकसित व भव्य बनाया जाएगा। अनूपपुर जिले में इस मार्ग को भी भव्य व विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले में स्मार्ट क्लास का संचालन शिक्षण सुविधाओं के लिए एक उदाहरण है। उससे अन्य जिले भी प्रेरणा लेंगे। अमरकंटक में निर्मित झूला पुल हमें लक्ष्मण झूले की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा जी के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश फल-फूल रहा है। नर्मदा परिक्रमा पथ में नर्मदा यात्रियों की सुविधाओं के लिए घाट व छाया स्थल एवं अन्य सुविधाएँ विकसित की जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को दुग्ध क्रांति के माध्यम से देश का प्रथम दुग्ध उत्पादक प्रदेश बनाया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है साथ ही शासकीय कर्मचारियों को जुलाई माह में प्रमोशन देने का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। मध्यप्रदेश उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। दो करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और अब प्रति व्यक्ति आय एक लाख 52 हजार रुपए हो गई है। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी वृहद परियोजना, सोन-मोहारी माइक्रो इरिगेशन योजना तथा कटना नदी पर बांध निर्माण की घोषणा की। उन्होंने बिजुरी में आउटडोर स्टेडियम, जैतहरी स्टोरेज वेयर में कराए जाने वाले कार्यों तथा खाटी में विद्युत सब स्टेशन निर्माण की घोषणा की। रीवा से वर्चुअल संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री के साथ विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे।

# बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े सरेराह महिला व उसके पुत्र के साथ की मारपीट

वारदात का सीसीटीवी फुटेज आया सामने, पीड़िता ने अमहिया थाने में दर्ज कराई शिकायत



**रीवा**। शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरमौर चौराहे के पास पीके स्कूल समीप कपड़े व फुटवेयर दुकान संचालित कर रही विधवा महिला व उसके नाबालिक पुत्र पर पड़ोस में रहने वाले कुछ बदमाशो जमकर मारपीट की है, घटना में महिला और उसके बेटे को चोट पहुंची है, जिसके बाद उन्होने मामले की शिकायत अमहिया थाना में दर्ज करवाई है। बताया गया कि पीके स्कूल के समीप कपड़े व फुटवेयर दुकान संचालित कर रही विधवा महिला व उसके नाबालिग पुत्र पर पड़ोस में रहने वाले दुकानदार सहित बदमाशों ने मारपीट की । पीड़ित महिला ज्योति गुप्ता ने अमहिया पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि उसके लड़क़े जय गुप्ता के साथ पड़ोसी मारपीट करने लगे जब वह बीच बचाव के लिए पहुंची तो उस पर भी हमला किया गया। जिससे वो दोनो घायल हो गई। हैरानी की बात ये है कि मारपीट के दौरान लोग मूकदर्शक बने रहे जिसके बाद पास से ही गुजर रहे एक पुलिसकर्मी ने बीच बचाव किया, वही पूरे मामले में पीड़ित महिला पुलिस पर करवाई में लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है।



### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने स्थानीयजनों व बच्चों से की आत्मिक भाव से मुलाकात

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपने रीवा प्रवास के दौरान पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित स्थानीय व प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री को देखकर समान मोहल्ला संजय नगर के निवासियों व बच्चों ने फोटो खिचवाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने सहर्ष सभी से आत्मिक भाव से मुलाकात करते हुए फोटो खिचवाई।

# प्रधान जिला न्यायाधीश एवं न्यायाधीश गणों द्वारा किया गया वृक्षारोपण

रीवा।



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं उनकी गरिमामयी उपस्थिति मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नवीन न्यायालय भवन में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायाधीशगणों द्वारा पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। वृक्ष जहां हमें एक ओर आक्सीजन प्रदान करते हैं वहीं दूसरी ओर नकारात्मक जलवायु परिवर्तन से हमारी रक्षा करते हैं। वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार है और मानव एवं समस्त प्राणियों के जीवनदाता हैं। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम 10 पौधे रोपित करने चाहिए। विशेष न्यायाधीश श्री सुरेंद्र कुमार, जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड, आशीर्वाद भिलाला, शरद गुप्ता, वारींद्र कुमार तिवारी, संतोष कुमार तिवारी, अनुज त्यागी, यशपाल सिंह, श्रीमती अनु सिंह, एवं अन्य न्यायाधीशगण तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र, जिला रजिस्ट्रार पन्ना नागेश, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के आनंद पाण्डेय, अनीस पाण्डेय व न्यायालय के कर्मचारियों सहित विधि के छात्रों द्वारा वृक्ष रोपित किए गए।

# गंदगी के बीच बन रही बच्चों की फेवरेट आइसक्रीम, फैक्ट्री का वीडियो वायरल, शहर की फेमस राज आइसक्रीम फैक्ट्री का मामला

रीवा।



रीवा शहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जो खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के पुष्पराज नगर के समीप स्थित मशहूर राज आइसक्रीम फैक्ट्री में भारी गंदगी और कीड़ों के बीच आइसक्रीम तैयार की जा रही थी। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आइसक्रीम की बाल्टियों में कीड़े रेंगते पाए गए हैं। यह वही आइसक्रीम है जो बच्चों से लेकर बड़ों तक की पसंदीदा मिठास मानी जाती है। बता दे फैक्ट्री परिसर में गंदगी चारों तरफ फैली हुई है। आइसक्रीम की जो बाल्टियां मार्केट में भेजी जाती हैं, उनमें कीड़े चलते हुए नजर आ रहे हैं। कई कंटेनरों में दूध और क्रीम खुले में रखे हुए थे। न कोई ढंकने का इंतज़ाम, न साफ-सफाई की व्यवस्था। कर्मचारी बिना दस्ताने या हाइजीन के बगैर सामग्री को छूते दिखे। जिस जगह मिठास बननी चाहिए, वहां बदबू और गंदगी ने कब्जा कर रखा है। बता दे सबसे पहले मजदूर प्लास्टिक की गंदी बाल्टियों में पानी भरते हैं, फिर उसे एक बड़े नीले ड्रम में डालते हैं, जहां रंग और फ्लेवर मिलाया जाता है. इसके बाद उसे पॉप्सिकल मोल्ड्स में भरकर फ्रीजर में जमा दिया जाता है. जब ये जम जाती है, तो टोकरी में भरकर पैकिंग होती है और सीधे बाजार में बेचने भेज दी जाती है, लेकिन वीडियो में सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि साफ-सफाई का कोई ध्यान नहीं रखा गया है. गौरतलब है कि कुछ माह पहले रीवा के पहड़िया स्थित टीएचआर प्लांट का वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें पोषण आहार को कर्मचारियों द्वारा पैरों से रौंदते हुए देखा गया था।




**इनका कहना है**: पूरे मामले की जानकारी मिली है टीम भेज कर जांच कराई जाएगी, साथ ही वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर वीडियो के सत्यता की जांच कराई जाएगी। **अमरीश दुबे फूड विभाग रीवा।**

# मुख्यमंत्री ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटाप की राशि अंतरित कीलैपटाप का सदुपयोग करें - जनार्दन मिश्र



**रीवा** । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल से प्रदेश के 94 हजार से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटाप की राशि का अंतरण किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 25 हजार रुपए की राशि लैपटाप के लिए उनके खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भविष्य की प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए शासन संकल्पित है। हमारी सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार की सुविधाएं व सहायता मुहैया कराई जा रही हैं। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, शैक्षणिक शुल्क, स्कूटी, साइकिल, पुस्तकें आदि प्रदान कर बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकार आपके साथ खड़ी है। आप अपने प्रदेश को प्यार करें और अपनी प्रतिभा से जिले, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। सभी के सहयोग से हम इस संकल्प को प्राप्त कर सकेंगे। लैपटाप राशि अंतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक मार्तण्ड क्रमांक एक स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त की गई राशि से सभी विद्यार्थी अनिवार्यतः लैपटाप क्रय करें और इसका सुदपयोग करें। यह ज्ञान के संवर्धन का बड़ा माध्यम है। उन्होंने अपेक्षा की कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर विद्यार्थी अपनी शिक्षा को और निखार सकेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा से देश, प्रदेश व जिले का नाम रोशन करें। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की तकदीर व तस्वीर बदली है। पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता ने प्रतिभाशाली बच्चों को बधाई दी और उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बेटियों के अधिक संख्या में लैपटाप प्राप्त करने पर बधाई देते हुए छात्रों को भी उनके बराबर आने का आह्वान किया। अपने उद्बोधन में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सामने किसी भी प्रकार की परिस्थिति बाधा उत्पन्न नहीं कर सकती। अपना लक्ष्य निर्धारित करें और लैपटाप के माध्यम से अपने प्रश्नों का समाधान करें। इसमें सभी विकल्प और रिसोर्स मैटेरियल उपलब्ध हैं। इसका विवेक से इस्तेमाल करें और बेहतर सदुपयोग करते हुए आगे बढ़ें। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन जिला शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा ने दिया। उल्लेखनीय है कि भोपाल के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में रीवा जिले के छात्र अंकुर यादव व आर्यन पाण्डेय को मुख्यमंत्री द्वारा लैपटाप प्रदान किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्राचार्य वरूणेन्द्र सिंह सहित अन्य विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# निर्माणाधीन मकान से लैपटॉप-मोबाइल पार, चाबी हाथ लगी तो बदमाश कार भी ले उड़े, पुलिस ने बरामद की गाड़ी, आरोपी फरार



**रीवा** । शहर के बाहरी इलाके में स्थित ग्राम जोरी में चोरों ने एक निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना बुधवार की देर रात की बताई जा रही है, जब मकान मालिक अपने परिवार सहित अंदर सो रहा था। बदमाशों ने घर में घुसकर मोबाइल, दो लैपटॉप और कार की चाबी चुरा ली। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर के बाहर खड़ी कार भी लेकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम जोरी निवासी रोशनलाल तिवारी अपने अधबने मकान में परिवार समेत निवास कर रहे हैं। मकान में खिड़कियों की फिटिंग नहीं हुई थी, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश रात के अंधेरे में घर में दाखिल हो गए। चोरों ने भीतर रखे दो लैपटॉप और एक मोबाइल फोन चुरा लिया। इतना ही नहीं, उन्हें वहीं पास में रखी कार की चाबी भी मिल गई।बताया जा रहा है कि चोरों ने जाते समय घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, जिससे परिवार के लोग कुछ देर तक बाहर नहीं निकल सके। रात करीब 3 बजे बेटे की नींद खुली तो चोरी का खुलासा हुआ। दरवाजा बंद मिलने पर परिजन किसी तरह बाहर निकले और देखा कि घर के सामने खड़ी कार भी गायब थी। मामले की सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस ने घेराबंदी कराई। पुलिस की सक्रियता के चलते कार को कुछ ही घंटों में पुलिस लाइन चौराहे के पास लावारिस हालत में बरामद कर लिया गया। हालांकि, आरोपी कार छोड़कर मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि चोरों ने काफी बारीकी से रेकी कर वारदात को अंजाम दिया है।

# बरहटा में स्वामी विवेकानंद को किया गया नमन




मऊगंजः

जिले की ग्राम पंचायत बरहटा मे स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर भारत रत्न माला सभागार बरहटा में एक सभा आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता गांव के वरिष्ठ नागरिक उमेश कुमार चतुर्वेदी ने किया वही कार्यक्रम का सफल संचालन संरक्षक भारत रत्न माला सभागार बरहटा ने किया सर्वप्रथम कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं सभी उपस्थित जनो ने स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किया तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चतुर्वेदी जी ने कहा की विवेकानंद जी अपने भारत में नहीं पूरे विश्व में आदर्श माने जाते हैं हम युवा पीढ़ी का आवाहन करते हैं कि आप लोग स्वामी विवेकानंद जी के पद चिन्हों पर चलें उनके जो आदर्श वाक्य हैं एक-एक वाक्य बहुत महत्वपूर्ण है उनके लिए सबसे सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम लोग उनके बताए हुए मार्गों पर चलें कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राममणि मिश्रा रोजगार सहायक विजय प्रकाश मिश्र चौकीदार रामकिशोर विश्वकर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरोज पटेल सहायिका अंजू सिंह अतिथि शिक्षक रितेश दुबे श्रद्धा दुबे मुन्नी यादव मीरा विश्वकर्मा सहित स्कूल के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में संचालक संतोष कुमार मिश्र ने गांव के उपस्थित सभी जनों का आभार प्रकट किया।

### मऊगंज में नल-जल योजना बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

# आधी अधूरी खुदाई से सड़कों पर कीचड़ का सामाज्य







**मऊगंज**। जिले भर मे नल-जल योजना, ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, लेकिन जिले में ग्रामीणों के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। इसी कड़ी मै जनपद पंचायत हनुमना की ग्राम पंचायत जमुई सहित कई इलाकों में सड़कों को ठेकेदार द्वारा खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे पहली बारिश मे ही सड़क कीचड़ और गड्ढों मे तब्दील हो गई है जिससे लोगों का चलना दूर्भर हो गया है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार सड़कों को खोदने के बाद गायब हो जाते हैं और मरम्मत या काम पूरा करने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेते।

बारिश के इस मौसम में स्थिति और भी खराब हो गई है। राहगीरों को फिसलन भरी सड़कों और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, सरपंच द्वारा कई बार प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाए है कि नल जल योजना के ठेकेदारों की जिला अधिकारियों से सीधी पहुंच होने के कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मऊगंज क्षेत्र में कई नल-जल परियोजनाएं अधूरी और ठप्प पडी हैं और कई ठेकेदार भुगतान प्राप्त करने के बाद काम अधूरा छोड़कर लापता हो गए हैं। विभागीय लापरवाही और मिलीभगत के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि PHE विभाग के कुछ कर्मचारी ठेकेदारों को खुली छूट देते हैं और ग्रामीणों की शिकायतों की अनदेखी करते हैं। एक ग्रामीण ने कहा, ₹ठेकेदारों को फूलों की माला चढ़ाई जा रही है और हम कीचड़ में डूब रहे हैं।

**प्रशासन की चुप्पी बनी सवालिया निशान, ग्रामीणों की गुहार कौन सुनेगा**

ग्रामीण अभी भी उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर ठेकेदारों पर कार्रवाई करेगा और अधूरी पड़ी योजनाओं को जल्द पूरा करवाएगा।